मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 11 | अंक -13 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 18 दिसंबर से 24 दिसंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

## मुख्यमंत्री ने चेम्बूर में सफाई अभियान चलाया



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अत्याधुनिक यंत्रों से लैस परिसर की साफ सफाई स्वच्छता अभियान को चेम्बूर के बृहनमुंबई महानगर पालिका एम (प) वार्ड नंबर १५३ सुभाष नगर चेम्बूर में डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर उद्यान की साफसफाई का उद्घाटन किया।

इस मौके पर दक्षिण मध्य मुंबई जिला सांसद राहुल शेवाले,उपनगर पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढा,मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहाल पूर्व नगर सेविका आशा मराठे,राजाराम उपाध्याय,सुभाष मराठे के अलावा चेम्बूर भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ठाणे ग्रामीण में शिक्षित बेरोजगारों का पंजीकरण अवरुद्ध, महास्वयं पोर्टल सर्वर धीमा...

**कल्याण:** सरकार ने राज्य में शिक्षित बेरोजगारों को पंजीकृत करने के लिए महास्वयं पोर्टल लॉन्च किया है. ठाणे जिले के ग्रामीण इलाकों से इस पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले शिक्षित बेरोजगारों को पिछले कुछ दिनों से इस पोर्टल की धीमी सर्वर गति के कारण कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में कई शिकायतें ठाणे जिले के मुरबाड, शाहपुर, भिवंडी क्षेत्र के युवाओं द्वारा की जा रही हैं। जिले के शिक्षित बेरोजगारों, छात्रों, उद्यमियों, प्रशिक्षक समूहों ने सरकार के कौशल विकास विभाग को कई बार शिकायत की है कि महास्वयं पोर्टल पर शिक्षित बेरोजगारों का तुरंत पंजीकरण करना संभव नहीं है। इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों को जानकारी प्रदान करना, रोजगार के अवसर, युवाओं में कौशल विकसित करना और उन्हें नौकरी के अवसर प्रदान करने का कार्य पोर्टल के माध्यम से किया जाता है।

## मुंबई को दहिसर से भायंदर तक जोड़ेगा...

### फिलहाल कोस्टल रोड पर नहीं लगेगा टोल टैक्स



**मुंबई :** कोस्टल रोड जनवरी में आवागमन के लिए खुलेगा या फरवरी में, इसे लेकर तो असमंजस है ही। लेकिन अब कोस्टल रोड पर टोल टैक्स को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। मुंबई में बीएमसी कमिश्नर आई. एस. चहल ने कहा है कि टोल टैक्स लेना है या नहीं, इसका निर्णय सरकार करेगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीएमसी टोल टैक्स के लिए प्रपोजल सरकार को भेजेगी, तो उन्होंने कहा कि बीएमसी ऐसा कोई प्रपोजल नहीं भेजेगी। सीआरजेड की मंजूरी के लिए केंद्रीय पर्यावरण विभाग के पास बीएमसी द्वारा 11 मई 2017 को भेजे गए प्रस्ताव में भी साफ लिखा है कि कोस्टल रोड फ्री वे होगा, इसमें टोल नहीं होगा। वर्ली से विधायक आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि बीएमसी ने कोस्टल रोड पर टोल टैक्स लगाने की योजना बनाई है। ठाकरे ने इसके लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है। सपा विधायक रईस शेख ने भी इस पर नाराजगी जताई।

**फरवरी में खुल सकती है लेन**

कोस्टल रोड निर्माण की डेडलाइन कई बार बढ़ चुकी है। बीएमसी की योजना थी कि दिसंबर 2023 तक कोस्टल रोड की एक लेन आवागमन के लिए खोल दी जाए, लेकिन ऐसा नहीं होगा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि जनवरी 2024 में कोस्टल रोड की एक लेन को खोल दिया जाएगा। उधर, बीएमसी अधिकारियों का कहना है कि अभी 83 प्रतिशत काम पूरा हुआ है इसलिए जनवरी में ऐसा होना मुश्किल है। फरवरी 2024 में एक लेन खोली जा सकती है।

### मरीन ड्राइव से वर्ली तक सफर होगा आसान...

**कोस्टल रोड प्रोजेक्ट मरीन ड्राइव से वर्ली तक है, जो आगे वर्ली–बांद्रा सी लिंक से कनेक्ट हो जाएगा। इससे दक्षिण मुंबई से पश्चिम मुंबई और आगे दहिसर से भायंदर तक जुड़ जाएगा। वर्ष 2018 में शुरू 10.58 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 8000 करोड़ रुपये से बढ़कर 13000 करोड़ रुपये से ज्यादा हो चुकी है। वर्ली सी फेस से मरीन ड्राइव तक का सफर जो अभी 30 मिनट में पूरा होता है, उसमें 10 से 15 मिनट लगेंगे।**

## भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया रक्तदान शिविर



**मछली शहर, जौनपुर :** मानव जीवन बचाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए स्वयंसेवी संस्था भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति ने अपने पूर्वजों स्वर्गीय जयराज शर्मा एवम स्वर्गीय राम अधार शर्मा की स्मृति में मछली शहर के श्रीराम ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान अभियान के प्रेरक महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम डबल्यू ओ) के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा अपने प्रांतीय सचिव उदयराज शर्मा के साथ विशेष रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने अमेठी से चलकर आए। संस्था अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा एवं घनश्याम शर्मा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर शिविर का उद्घाटन किया।

संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि आज संगठन का यह दूसरा रक्तदान शिविर चल रहा है, जल्द ही भदोही जनपद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान मिशन के प्रेरक बड़े भाई घनश्याम शर्मा जी के इस मिशन को रुकने नहीं दिया जाएगा। कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक के ओनर डॉक्टर अशोक कुमार पटेल ने रक्तदानियों का सम्मान किया।

दीपक कुमार गौतम, पंचम राम शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, विकास शर्मा, अरविंद कुमार यादव, सुरेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा उर्फ. पप्पू, नरेंद्र कुमार शर्मा उर्फ. रानू, लक्ष्मी शंकर निषाद, ललित कुमार शर्मा, अजीत प्रसाद उर्फ. पिंटू शर्मा, हरिशंकर यादव, मुकेश शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, शुभम शर्मा, विशाल शर्मा, अनुराग शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, पंकज पटेल, संजीव कुमार सरोज इत्यादि लोगों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के पदाधिकारी अवधेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, धीरज शर्मा, रविंद्र शर्मा के साथ-साथ ब्लड बैंक स्टाफ शैलेश शर्मा टेक्नीशियन सुपरवाइजर, शालिनी विश्वकर्मा टेक्नीशियन, अमित कुमार टेक्नीशियन, रीना चौरसिया टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता चुनाव : अध्यक्ष पद सहित 17 का हुआ नामांकन

(शिवा शर्मा)

**चुनार।** नव युवक अधिवक्ता समिति के वर्ष 2024 के होने वाले चुनाव में पहले दिन सोमवार को कुल 27 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जबकि अध्यक्ष पद के लिए दो सहित कुल 17 नामांकन पत्र जमा हुए। चुनाव संचालन समिति एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र नाथ दिवेदी ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु महेंद्र सिंह एवं अनमोल सिंह ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु अमरनाथ यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु ओम प्रकाश सिंह एवं सुरेश कुमार यादव, महामंत्री पद हेतु अजय कुमार पांडेय, अशोक कुमार सिंह एवं महेंद्र सिंह ने नामंकन किया।



चुनार में नव युवक अधिवक्ता समिति के चुनाव में नामांकन करते उम्मीदवार...

संयुक्त मंत्री पद हेतु अजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हेतु प्रदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी हेतु गजेंद्र नारायण सिंह, संजय यादव, जय कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, सतीश कुमार सिंह, शिव शंकर यादव एवं कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी हेतु राधेश्याम ने नामंकन पत्र दाखिल किया।

## जव्हार में मनरेगा महानिदेशक द्वारा समीक्षा...

**मुंबई:** मनरेगा मिशन के महानिदेशक नंद कुमार की अध्यक्षता में जव्हार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत गांव-गांव कनेक्टिविटी योजना एवं जल प्रबंधन योजना के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं का समन्वय कर समग्र ग्राम समृद्धि प्राप्त कर सुविधायुक्त परिवार मिशन के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस समय गांव-गांव सड़क संपर्क योजना तैयार करने के निर्देश संबंधितों को दिये गये. इस मौके पर ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई जो गांवों के विकास में सहायक होंगी.

## मा.श्री लालू प्रसाद यादव जी से अनिल शर्मा ने की मुलाकात



**पटना,** मा.श्री लालू प्रसाद यादव आर जे डी प्रमुख जी से डा नितिराज के शादी समारोह पटना में दिनाक 16 दिसंबर 2023 को की मुलाकात और ली राजनीतिक आशीर्वाद शादी समारोह में तमाम मंत्री व विधायक गण भी उपस्थित थे। और समाज से भी देश के कई प्रदेश से वरिष्ठ समाज सेवक व नेता गण भी उपस्थित थे। अनिल शर्मा ने कहा श्री लालू प्रसाद यादव राजनीति के मसीहा है उनके हर एक शब्द से राजनीतिक प्रेरणा मिला जो कभी भुला नहीं जा सकता।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# शिखर बैंक घोटाला!

**मुंबईः महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (शिखर बैंक) घोटाले की आगे की जांच की स्थिति क्या है और यह कब पूरी होगी? विशेष अदालत ने शनिवार को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से पूछा। साथ ही इस संबंध में छह जनवरी को अगली सुनवाई पर स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया.**

**इस मामले में ईओडब्ल्यू ने घोटाले के संबंध में विरोध आवेदन में मूल शिकायतकर्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर रिपोर्ट के आधार पर मामले की आगे की जांच की अनुमति मांगी थी। इसमें मुख्य रूप से अजित पवार और उनके विधायक भतीजे रोहित पवार से संबंधित कंपनियों की जांच की अनुमति मांगी गई थी।**

**मामले की सुनवाई विशेष अदालत के न्यायाधीश राहुल रोकड़े के समक्ष हुई. उस वक्त कोर्ट ने जांच एजेंसी से मामले में आगे की जांच की प्रगति के बारे में पूछा था. इस पर जांच अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही पूरी कर ली जाएगी. इसे संज्ञान में लेते हुए मामले की आगे की जांच की क्या स्थिति है? वह कब खत्म होगा? विशेष अदालत ने ईओडब्ल्यू को इस संबंध में 6 जनवरी तक अपनी स्थिति स्पष्ट करने का आदेश दिया है.**

**इससे पहले, ईओडब्ल्यू ने विशेष अदालत को एक रिपोर्ट सौंपकर मामले को बंद करने का अनुरोध किया था, जिसमें दावा किया गया था कि अजीत पवार और अन्य आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं। शिकायतकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने इस रिपोर्ट के खिलाफ वकील सतीश तालेकर और माधवी अय्यपन के माध्यम से विशेष अदालत में विरोध याचिका दायर की। उन्होंने पेश की गई जानकारी-सबूत के आधार पर मामले की आगे की जांच करने और मामले में आरोपियों को तलब करने की भी मांग की. इसके अलावा, विशेष न्यायालय में ईडब्ल्यूओ की एक नई भूमिका थी। साथ ही मामले की आगे की जांच के लिए इजाजत मांगी गई. इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया.**

**...इसलिए आगे की जांच की आवश्यकता है**

**क्या रोहित पवार और उनके पिता राजेंद्र पवार द्वारा नियंत्रित कंपनियों को बेची गई चीनी मिलों के लेनदेन में अनियमितताएं हुई हैं? क्या यह अनियमितता पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार, उनकी पत्नी सुनेत्रा और चाचा राजेंद्र घाडगे से जुड़ी कंपनियों ने की है? क्या शिखर बैंक के पदाधिकारियों का संबंध इन कंपनियों से है? ईडब्ल्यूओ ने यह कहते हुए आगे की जांच के लिए विशेष अदालत से अनुमति मांगी थी कि इसकी जांच की जाएगी।**

# कंबल वितरण एवं काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

## 300 जरूरतमंदों को गरीब जन कल्याण समिति ने कंबल वितरित किया

## काव्य गोष्ठी में श्रोताओं की कवियों ने तालियां बटोरी

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** सरैया सिकंदरपुर स्थित विमल लान में रविवार को गरीब जन कल्याण समिति द्वारा काव्य गोष्ठी एवं जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया गया। चुनार नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के 300 महिला पुरूष जरूरतमंदों को कंबल वितरित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रामअवतार विश्वकर्मा मुख्य चिकित्साधिकारी बीएचयू वाराणसी, विशिष्ट अतिथि मेजर कृपा शंकर सिंह, श्रीहीरालाल वर्मा इंटर कालेज के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने बुद्ध जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में समिति के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जरुरतमदों की सेवा पुनीत कार्य है। समाज के हर संपन्न व्यक्ति को ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हर तरीके से अपना सहयोग देना चाहिए। दीनहीन की सेवा से बढ़कर अन्य कोई सेवा नही है। कंबल वितरण से पूर्व काव्य गोष्ठी आयोजित हुआ जिसमें वाराणसी से आए कवि छोटेलाल मनप्रीत ने ह्लमायाचंल गर अमृत पिलाई न होती मेरी जिन्दगी मुस्कुराई न होती, पिता जी के पैरों में छाले न होते तो खुशियां मेरे घर में आई न होतीह्व। नाथ सोनांचली ने ह्लभगवान कहते किसे थे आया सवाल था, मैनें तुरंत जबाब में मां बाप लिख दियाह्व। अनवर अली अनवर ने ह्लइन मसीहों के होते हुए लोग मिलते हैं रोते हुए, पीठ पर बांधे बच्चें को मां कल मिली ईट ढोते हुए ह्ल। सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी। उपरोक्त के अलावा बी0 प्रसाद, आदित्य पदयात्री, अशोक सिंह कुशवाहा, शीतला प्रसाद गौरव आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं को सुनाकर वाहवाही लूटी।कार्यक्रम में दंत चिकित्सक डॉ श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, छोटेलाल, शालू वर्मा, काश्मीरा, रंग बहादुर शंभू मौर्या, अखिलेश सिंह प्रमुख मौजूद रहे।अध्यक्षता विमल दत्त मौर्य संचालन समिति के अध्यक्ष नयन वर्मा ने किया।



**चुनार के सरैया सिकंदरपुर गांव में गरीब जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में जरूरतमदों को कंबल वितरित करते मुख्य अतिथि डॉ रामअवतार विश्वकर्मा ।**

**ठंड के दिनों में गर्म पानी का करें सेवन**

चुनार। सरैया सिकंदरपुर में रविवार को आयोजित कंबल वितरण एवं काव्य गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीएचयू वाराणसी के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामअवतार विश्वकर्मा ने कंबल लेने आएं जरूरतमंदों एवं उपस्थित अन्य लोगों को चिकित्सकीय परामर्श भी दिए। उन्होंने बताया कि ठंड के दिनों में अधिकांशतः हार्ट अटैक, लकवा आदि का अटैक स्वास्थ्य पर होता है। इससे बचने के लिए पेट को खाली न रखे रात में सोते समय और सुबह उठने के बाद गर्म पानी का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधित तमाम परेशानियां समय से उपचार न करने की लापरवाही और सही जानकारी न होने के चलते उत्पन्न होती है।

# पहल परिवार के संस्थापक डा सुरेश सेन व सैलून संघ अध्यक्ष सागर शर्मा ने मनाया भिखारी ठाकुर का जयंती



**प्रयागराज,** भोजपुरी के शेक्सपियर पद्मश्री से सम्मानित भोजपुरी के जन्मदाता भिखारी ठाकुर जी के जन्म दिवस पहल परिवार के संस्थापक डा सुरेश सेन , पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजेश शर्मा, कमलेश शर्मा प्रधानाचार्य, सागर शर्मा सैलून संघ अध्यक्ष, व तमाम पहल परिवार के लोगो ने प्रयागराज में मनाया लोक गीत से जन्मदाता भिखारी ठाकुर का जयंती।



**चुनार प्रीमियर लीग 2023 के शुभारंभ अवसर पर मेडिया स्थित मिनी स्टेडियम में खेल प्रतिभागियों से मार्च पास्ट की सलामी लेते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या।**


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३




**रमेश विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल अमरनाथ कांगड़ा कांग्रेस सेवादल भांडुप तालुका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तालुका अध्यक्ष विक्रोली घाटकोपर वेस्ट नागेश्वर यादव तालुका अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल अशोक कनौजिया घाटकोपर पूर्व कांग्रेस सेवा दल पाटिल साहब कांग्रेस सेवा दल वार्ड अध्यक्ष अमरनाथ कांगड़ा जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं सर्व पदाधिकारी कांग्रेस कांग्रेस सेवा दल परिवार के उपस्थिति में उपस्थिति में जन्मदिन मनाया गया रमेश विश्वकर्मा जी जिला अध्यक्ष उनके ऑफिस में बर्थडे मनाया गया.**




# 13 साल की नाबालिग पड़ोसी को परेशान करने वाले को तीन साल कैद

**मुंबईः** मुंबई की एक स्पेशल पोक्सो कोर्ट ने लड़की से छेड़छाड़ के मामले में अहम टप्पिणी की। कोर्ट ने कहा कि किसी लड़की के नितंबों (कमरे का निचला हस्सिा) को छूना और ह्यतुम बहुत सेक्सी हो, मुझे तुम्हें उठा ले जाने का मन कर रहा है'। जैसे शब्द कहने से पता चलता है कि आरोपी ने केवल यौन उत्पीड़न के इरादे से यह सब किया था। कोर्ट ने 2016 में अपनी 13 साल की नाबालगि पड़ोसी को परेशान करने के लिए 50 साल के व्यक्ति को दोषी ठहराया और तीन साल कारावास की सजा सुनाई। जज ने कहा कि आरोपी ऐसा कोई सबूत नहीं लाया जिससे पता चले कि पीड़ित और उसके परिवार के बीच कोई विवाद था। जज ने कहा कि पीड़ित के पास उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का कोई कारण नहीं दिखता। इस बात का कोई सबूत भी नहीं है कि पुलिस अधिकारी के पास इस



तरह के अपराध के लिए उस पर मुकदमा चलाने का कोई कारण था।

**कोर्ट में क्या कहा ?**

नाबालिग ने कोर्ट के सामने गवाही दी और कहा कि वह अपनी दादी और चाचा के साथ शहर में रहती थी। उसने कहा कि एफआईआर दर्ज होने से एक महीने पहले जब वह ट्यूशन के लिए जाती थी तो आरोपी उसका पीछा करता था। वह उसके नितंबों को छूता था और गालों पर चूमता था। उसने अपनी नानी को आरोपी की हरकत के बारे में बताया। लेकिन महिला ने उसकी बातों पर भरोसा नहीं किया। क्योंकि आरोपी का परिवार उनके बहुत करीबी था।

इसके बाद उसने अपने घरवालों को आरोपी के आचरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने आरोपी से बात की लेकिन उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। वह उससे कहता था कि तुम बहुत हॉट, बहुत सेक्सी दिखती है और वह उसे उठाकर ले जाएगा।

# मुंबई की डॉ. प्रभा शर्मा सागर को राजगीर नालंदा बिहार में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' काव्य साधना सम्मान से सम्मानित किया गया

**पटना** – बिहार में नौ एवं दस दिसंबर को आयोजित मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव में मुंबई की डॉ.प्रभा शर्मा सागर को साहित्य लेखन और रचना धार्मिता के लिए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर 'काव्य साधना सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 'पद्मश्री आचार्य चंदना (ताई मां) ' प्रमुख रही, अति विशिष्ट अतिथि डॉ अमिता दुबे (प्रधान संपादक) हिंदी संस्थान लखनऊ उ. प्र. रही।

नमिता राकेश (राज्य भाषा अधिकारी)संसद नई दिल्ली रही इस आयोजन में देश- विदेश के मूर्धन्य साहित्यकारो ने शिरकत




की। हिंदी के अलावा अंगीका, नेपाली, मराठी, भोजपुरी, मिथिला, बांग्ला, असमी, भाषा में भी प्रतिभागीयों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

नवादा के कवि ओंकार शर्मा कश्यप के संयोजन में, नवादा सांसद चंदन सिंह ने देश विदेश के साहित्यकारों को सम्मान और अलंकारों से सम्मानित किया।

सांसद चंदन सिंह ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है देश की सभ्यता-संस्कृति और विरासत को संरक्षित रखने का दायित्व साहित्यकारों के कंधे पर होता है। देश भर के साहित्यकारों का इस तरह से इकट्ठा होकर साहित्य साधना करना अनूठी मिसाल है ।जिससे डॉ प्रभा शर्मा सागर को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर काव्य साधना सम्मान से नवाजा गया।

# व्यर्थ के उलझाव व टकराव से बचने का प्रयास करें - हरि चैतन्यपुरी

**गोरेगांव।** श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि यथासंभव व्यर्थ के उलझाव व टकराव से सदैव बचने की कोशिश करें. संसार में किसी को छोटा तथा हीन समझकर कभी तिरस्कार नहीं करें. शनिवार को गोरेगांव (पश्चिम) स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल हॉल में आयोजित दिव्य अमृतवाणी समारोह में भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए हरि चैतन्यपुरी ने कहा कि कोई भी कार्य महानता के कार्य करें लेकिन स्वयं को महान नहीं समझें. जिसमें जितना अधिक बड़प्पन आता है वह उतना ही विनम्र व सरल हो जाता है. अभिमान चाहे रूप,धन,ताकत,वैभव, जाति,पद आदि का कोई भी क्यों न हो प्रभु प्राप्ति में सर्वाधिक बाधक है. मधुमक्खी की तरह गुण ग्राहक बनो. हर स्थान,घटना, क्रिया या परिस्थिति से कोई शिक्षा या प्रेरणा लें. दोष दूसरों के नहीं अपने देखें और सुधारें. प्रतिष्ठा के विरुद्ध कोई कार्य न करने का प्रयास करें. प्रिय सत्य ही सदैव बोलें. विचार करें कि आखिर ईश्वर ने हमारे



आंख,कान, हाथ,पैर इत्यादि शरीर के अंगों को दो भागों में विभाजित क्यों किया और जीभ एक ही क्यों रखी. वाणी का सर्वाधिक महत्व है इससे शत्रुता को प्रेम में व प्रेम को शत्रुता में बदला जा सकता है. यह आदर भी व अनादर भी करा सकती है. स्पष्ट ,संतुलित, संयमित और मृदुभाषी बनें.

उन्होंने कहा कि मुक्ति मृत्यु के बाद नहीं जीवन के रहते ही प्राप्त करनी है. दोषों,विकारों, बुरे व्यसनों,अंधविश्वास,राग, द्वेष, वैर- विरोध मतभेद इत्यादि से जीवन रहते ही मुक्त होना है. अर्थ,धर्म,काम, मोक्ष जीवन के चारों पुरुषार्थ प्रभु स्मरण करते हुए कर्तव्य परायण होकर प्राप्त करें. अपनी कुतर्क बुद्धि को दबाकर रखें. भक्ति तो भावना प्रधान है, भक्ति में मन, वाणी या बुद्धि से भी तर्क की गुंजाइश नहीं है. ज्ञान में तर्क को स्थान हो सकता है कुतर्क का नहीं.

ईश्वर ही सत्य है समस्त संसार मिथ्या है. उन्होंने कहा कि संत तो संतता के गुणों से हैं न कि बाहरी वेशभूषा दिखावा इत्यादि से। साधु, भक्त या महात्मा बनकर जो लोगों को धोखा देते हैं वे स्वयं को धोखा देते हैं. किसी भी स्थिति,अवस्था,प्राणी ,पदार्थ ,वस्तु आदि से जो सुख की आशा रखता है वह कभी सुखी नहीं हो सकता वह सदा निराश ही रहेगा व दुखी रहेगा.सच्चा सुख तो परमात्मा की शरण में ही है.

अमृतवाणी समारोह में मुंबई भाजपा के वरिष्ठ नेता आर यू सिंह, पूर्व उप महापौर दिलीप पटेल, पूर्व नगरसेवक संदीप पटेल, दीपक ठाकुर, जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे.

# मुलुंड में उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन

**मुंबई–** कांग्रेस पार्टी द्वारा उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन का आयोजन शनिवार दिनांक 23.12.2023 को शाम 5 बजे से मुलुंड हाई स्कूल हाल,चंदन बाग रोड,मुलुंड प.पर किया गया है।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में नाना पटोले (अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी), प्रो.वर्षा गायकवाड (अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस), मो. आरिफ नसीम खान (कार्याध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस),गणेश कुमार यादव (वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस) उपस्थित रहेंगे।

सम्मानित अतिथी के रुप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के. तिवारी,गोविंद सिंह,सुनील गंगवानी एवम डॉ.आर.आर.सिंह उपस्थित रहेंगे। समारोह में वरिष्ठ समाज सेवकों एवम विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिष्ठित जनों का सम्मान किया जाएगा।

आयोजक डॉ.बाबुलाल सिंह एवम उत्तर भारतीय सेल के पदाधिकारियोंने सभी उत्तर भारतीयों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया है

# अपहरण के मामले में महिला को जेल

**पनवेलः** पनवेल रेलवे स्टेशन के पास से दो साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया. इस मामले में शेवंता कातकरी (35) नाम की महिला को कल्याण रेलवे कोर्ट ने दो साल कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है. मूल रूप से अमरावती का रहने वाला छह लोगों का परिवार तीन साल से पनवेल रेलवे स्टेशन के



बाहर इलाके में रह रहा था। 16 जून, 2022 को शेवंता कातकरी नामक महिला ने दो साल के बच्चे का सुबह तड़के अपहरण कर लिया, जब परिवार फुटपाथ पर सो रहा था। कुछ देर बाद अपहृत लड़के के माता-पिता मौके पर पहुंचे और देखा कि उनका बेटा गायब है, दंपति ने पनवेल रेलवे स्टेशन क्षेत्र के साथ-साथ आसपास की बस्तियों में लड़के की तलाश की। हालाँकि, जब लड़का नहीं मिला, तो पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि पनवेल के खानवाले वाडी में एक कातकरी महिला के घर पर अचानक एक छोटा बच्चा आ गया है. इसके बाद पनवेल तालुका पुलिस ने खानवले वाडी जाकर निरीक्षण किया तो शेवंता काटकर के घर में अपहृत लड़का मिला.







चुनार के सरैया सिकंदरपुर स्थित लान में कंबल वितरण एवं काव्य गोष्ठी कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि डॉ रामअवतार विश्वकर्मा व अन्य अतिथिगण।



चुनार के संत थॉमस स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

# अखिल भारतीय सविता महासंघ द्वारा आयोजित 24 वें वार्षिक स्नेह सम्मेलन धूम धाम से संपन्न हुआ





**मुंबई :** अखिल भारतीय सविता महासंघ, नाई समाज मुंबई का चौबीस वें वार्षिक स्नेह सम्मेलन शनिवार सारस्वत वाड़ी मुंबई के उपनगर मुलुंड पश्चिम में शाम को धूमधाम से संपन्न हुआ। अखिल भारतीय सविता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शर्मा व कलेक्टर











शर्मा उद्योगपति ने सम्मेलन का उद्घाटन किया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया राजेश शर्मा उद्योगपति एवं हिंदी प्रिंट मीडिया कदम कदम समूह के मालिक एवं पत्रकारिता जगत के वरिष्ठ संपादक श्री छोटेलाल शर्मा जी , मुकेश शर्मा समाज सेवक मलाड , उमाशंकर शर्मा ट्रस्टी ठाणे, व आदि लोगो ने अपनी अपनी विचार व्यक्त किया। सम्मेलन में थोड़ी सी अवधि में वर-वधू परिचय भी कराया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए समाज ने मेडल एवं इनामी पुरस्कार भी प्रदान किया गया। वार्षिक समारोह मुंबई अखिल भारतीय सविता महासंघ द्वारा संचालित एवं आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री जेपी शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि सम्मानित उद्योगपति श्री कलेक्टर शर्मा, कार्यक्रम अतिथि सम्मानित उद्योगपति श्री राजेश शर्मा थे। बता दें इस आयोजन में मुंबई और उसके आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में सपरिवार ने इसमें उत्साह और उमंग के साथ आयोजन में शिरकत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री अनंत लाल शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री श्री अशोक शर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं उपकोषाध्यक्ष राकेश सेमुआ और नवनीश शर्मा ने पूरे आयोजन पर अपनी पेनी नजर बनाए रखी। महासंघ ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि सम्मानित और विशेष अतिथियों की सूची काफी लंबी है परंतु आयोजन में सभी ने शिरकत कर वार्षिक स्नेह सम्मेलन का मान बढ़ाया। महासंघ ने सभी को भेंट वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सभी सम्मानित व विशेष अतिथियों एवं पधारे हुए आगंतुकों को गुलाब का फूल देकर अभिवादन किया गया। राजन शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नवनीश शर्मा ने दिन रात मेहनत कर एक नई रूप रेखा दी जिससे बहुत ही सालीनता से संपन्न हुआ कार्यक्रम में राकेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, राजा रसिया,विनय शर्मा कवि ने रंगा रंग कार्यक्रम के माध्यम से लोगो का मनोबल बढ़ाया।

# रेजिडेंट डॉक्टरों ने एक बार फिर सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ विरोध शुरू

**मुंबईः** जे. जे. अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने एक बार फिर सीनियर डॉक्टरों के खिलाफ विरोध शुरू कर दिया है. दरअसल विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर ने त्वचा रोग विभाग के प्रमुख पर अपमानित करने और परीक्षा में फेल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है. इस मामले में अस्पताल ने जांच के आदेश दे दिए हैं. कुछ महीने पहले जे. रेजिडेंट डॉक्टरों ने नेत्र रोग विभाग के प्रमुख और पूर्व एचओडी जे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था. अब इस मामले में भी रेजिडेंट डॉक्टर ने सीनियर डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं. अब एक बार फिर त्वचा रोग विभाग के 21 रेजिडेंट डॉक्टरों ने अपने ही विभागाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं. चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इस मामले में जांच कमेटी नियुक्त कर दी गई है. इस मामले की जांच डॉ. डी.एम.ई.आर. अजय चंदनवाले और डॉ. वी अश्वेत ऐसा कर रहे हैं.



मरीज अपने उपचार के निर्णय स्वयं लेते हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों का आरोप है कि कई मामलों में उनके गलत फैसलों के कारण उनकी मौत हुई है। मरने वाले छह मरीजों के मामले की जांच की भी मांग की गई है। उन पर विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों को अपने केबिन में बुलाने और उन्हें हर तरह से अपमानित करने का आरोप है। रेजिडेंट डॉक्टर ने कहा कि रोज-रोज की बेइज्जती से मानसिक परेशानी हो रही है। रेजिडेंट डॉक्टरों के मुताबिक, उन्हें एचओडी की ओर से एमडी परीक्षा में फेल करने की धमकी दी जाती है।

**सामूहिक अवकाश**

रेजिडेंट डॉक्टर ने एचओडी को विभाग से हटाने की मांग की है. रेजिडेंट डॉक्टर ने चेतावनी दी है कि अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम 18 दिसंबर से सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे.

# डोंबिवली में पिल्लों के भौंकने पर मालिक को पीटा गया...

**डोंबिवलीः** डोंबिवली के पास भोपर देसलेपाड़ा इलाके में गुरुवार सुबह घर के बाहर घूमने के लिए छोड़े गए पिल्लों पर भौंकने पर मोहल्ले के दो लोगों ने पालतू कुत्तों के मालिक की पिटाई कर दी. पिटाई करने वाला कराटे मास्टर है। मालिक ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. आरोपियों के नाम कराटे खिलाड़ी अभिषेक गणपत पेंडुरकर (40) और निखिल विश्वनाथ जाधव (26) हैं। वे देस्लेपाड़ा इलाके के मयूरेश्वर मंदिर, लोढ़ा हेरिटेज इलाके में रहते हैं। कुत्तों की देखभाल करने



वाले मालिक का नाम इकबाल शाह (49) है। वह एक रिक्शा चालक है. पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता इकबाल ने गुरुवार सुबह अपने पालतू कुत्तों को टहलने के लिए बाहर छोड़ा था। इस समय इकबाल अपने रिक्शे से सुरक्षात्मक कपड़ा हटाने में व्यस्त था। इसी दौरान आरोपी अभिषेक, निखिल उस इलाके से गुजर रहे थे. इसी दौरान घूमने के लिए छोड़ा गया कुत्ता अचानक निखिल और अभिषेक पर भौंकने लगा.

कुत्तों के भौंकने पर मालिक इकबाल ने उन्हें नहीं रोका। इसलिए दोनों आरोपियों ने अपने मन में गुस्सा रखते हुए इकबाल की थप्पड़ों से पिटाई कर दी. वे पास में मौजूद धारदार तलवार जैसा हथियार लेकर इकबाल को मारने दौड़े। इकबाल ने भागकर घर में शरण ली। दोनों ने उनका पीछा किया. इकबाल के बंद घर का दरवाजा लात मारकर तोड़ दिया और घर में घुस गये। अभिषेक, निखिल ने घर में घुसकर इकबाल समेत उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। वे वहां से भाग गये. मानपाड़ा पुलिस ने इकबाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। सहायक पुलिस निरीक्षक ज्ञानोबा सूर्यवंशी जांच कर रहे हैं. आरोपियों के पास तलवार जैसे हथियार क्यों थे? वे कहां ले जा रहे थे, इसकी जानकारी पुलिस कर रही है।

# समुद्र तट पर तेज गति से आ रही कार पलटने से युवक घायल... चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**बोईसरः** समुद्र तट पर तेज गति से कार चलाना और स्टंट करना युवाओं में लोकप्रिय हो गया है. गुरुवार शाम चिनचानी तट पर एक तेज रफ्तार कार का पिछला टायर फटने से कार पलट गई, जिससे पांच युवक मामूली रूप से घायल हो गए। इस संबंध में वानगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. दहानु तालुक में चिनचानी समुद्र तट पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है। अपने स्वच्छ, सुंदर और




लंबे समुद्र तटों के कारण यह स्थान हमेशा स्थानीय और विदेशी पर्यटकों से भरा रहता है। गुरुवार की शाम बोईसर के शैलेश अमरजीत यादव (21) नामक ड्राइवर और उसके साथ चार युवक अपनी अर्टिगा कार (MH48 BT7526) को समुद्र तट पर तेज गति से चलाकर स्टंट कर रहे थे। जब ये युवक स्टंट कर रहे थे तो कार का पिछला टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में कार सवार युवक को मामूली चोटें आईं। हादसा होते ही कार सवार तीन युवक भाग निकले।

# ठाणे में 1247 दुकानें बिना मराठी बोर्ड के...

## ठाणे नगर निगम के सर्वे में सामने आई जानकारी

**ठाणेः** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ठाणे शहर में दुकानों के साइनबोर्ड मराठी में हैं या नहीं, इसके लिए मनपा प्रशासन ने सर्वे शुरू कर दिया है. पिछले छह दिनों में नगर निगम की टीम ने पाया कि 1 हजार 247 दुकानों के साइन मराठी में नहीं थे और इनमें से ज्यादातर दुकानें वागले एस्टेट, कोपरी-नौपाड़ा और उथलसर वार्ड समिति इलाकों में हैं. नगर पालिका ने इन दुकानों को नोटिस जारी कर दिया है। जैसे-जैसे यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, दुकानों की संख्या बढ़ने की संभावना है. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि दुकानों और विभिन्न प्रतिष्ठानों की नेमप्लेट मोटे अक्षरों में मराठी में लगाई जानी चाहिए। उद्योग, ऊर्जा एवं श्रम विभाग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर परिषद को कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है. तदनुसार,



ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने बिना मराठी साइनबोर्ड वाली दुकानों और विभिन्न प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। इस कार्रवाई के लिए उन्होंने शहर की नौ वार्ड समितियों के सहायक आयुक्तों की जिम्मेदारी तय की है और सहायक आयुक्तों ने टीमें बनाकर शहर की दुकानों का सर्वे करना शुरू कर दिया है. यह सत्यापित किया जा रहा है कि दुकानों और प्रतिष्ठानों के साइनबोर्ड मराठी में हैं या नहीं। टीम जांच कर रही है कि क्या प्रत्येक प्रतिष्ठान की नेमप्लेट पर अक्षर मराठी भाषा में हैं, क्या मराठी भाषा के अक्षरों का आकार किसी अन्य भाषा के अक्षरों के आकार से छोटा है।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com